मूल्य 1 रु.
वर्षः 9 - अंक : 187, मुंबई, शुक्रवार, 4 अक्टूबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर

नवरात्री में प्रसाद के लिए
मलाई पेड़ा ₹ 640/-560/-
काजू कतरी ₹ 960/-840/-
खोपरापाक ₹ 580/-480/-
बूंदी (शुद्ध घी) ₹ 400/-300/-
29.09.2019 to 07.10.2019
शुद्ध घी की जलेबी ₹520/- per kg.
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501

## दिल्ली-एनसीआर में आतंकी हमले का अलर्ट

### जैश के 4 से 5 दहशतगर्द छिपे होने की आशंका



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के आतंकी संगठन त्योहारी सीजन में राजधानी दिल्ली में हमले की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों को आतंकी मसूद अजहर के संगठन जैश-ए-मोहम्मद की साजिश से जुड़े इनपुट मिले हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर में जैश के चार से पांच आतंकी मौजूद हैं। उधर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक घुसपैठिये को पकड़ा। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

# आदित्य ने वर्ली से नामांकन दाखिल किया

## शिवसेना के लिए सेफ सीट है वर्ली

**मुंबई।** शिवसेना के 52 साल के इतिहास में गुरुवार का दिन खास रहा। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ने मुंबई की वर्ली सीट से नामांकन दाखिल किया। आदित्य चुनाव लड़ने वाले ठाकरे परिवार के पहले सदस्य बन गए हैं। (शेष पृष्ठ 5 पर)



52 साल में पहली बार ठाकरे परिवार का सदस्य चुनाव मैदान में

**भतीजे के लिए सीट छोड़ेंगे राज ठाकरेः** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) सूत्रों के मुताबिक, आदित्य ने चुनाव मैदान में उतरने से पहले राज ठाकरे का आशीर्वाद लिया है। माना जा रहा है कि आदित्य के लिए मनसे वर्ली सीट छोड़ सकती है। वर्ली सीट पर मनसे का अच्छा जनाधार है। 2009 के विधानसभा चुनाव में मनसे को 32 हजार वोट मिले थे। हालांकि 2014 में वोट गिरकर 8000 रह गए थे।

## भाजपा में शामिल हुए नितेश राणे

**मुंबई।** पूर्व कांग्रेस विधायक और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम नारायण राणे के बेटे नितेश राणे आखिरकार भाजपा में शामिल हो गए हैं। (शेष पृष्ठ 5 पर)





## बिहार के 10 जिलों में अलर्ट

### पटना में दो दिन भारी बारिश की चेतावनी

**पटना।** मौसम विभाग ने बिहार के पटना, वैशाली, बेगूसराय और खगड़िया जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पटना प्रशासन ने अगले दो दिनों के लिए सभी शिक्षण संस्थाएं बंद करने के निर्देश दिए हैं। पिछले 72 घंटे से बारिश नहीं होने के बाद एक बार फिर दक्षिणी-पश्चिमी मानसून ने यू-टर्न लिया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### सिर्फ प्रकृति जिम्मेदार नहीं: गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा- पटना के डूबने के लिए बिहार सरकार जिम्मेदार है। उन्हें जनता से माफी मांगना चाहिए। इन हालात के लिए सिर्फ प्रकृति को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते।

### जल निकासी पहली प्राथमिकता: मुख्यमंत्री नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा- पटना में बाढ़ जैसे हालात के लिए दोषी अफसरों पर कार्रवाई होगी। फिलहाल प्राथमिकता पानी निकालना है। फिर कारणों की पड़ताल होगी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### बीएमसी की वेबसाइट बंद, जनता के काम ठप

**मुंबई।** अधिकांश सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराने वाली बीएमसी की वेबसाइट ही डाउन हो गई है। इससे जनता के सारे काम बंद पड़े हुए हैं। पिछले दो-तीन दिनों से जारी इस समस्या के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इनफॉर्मेशन टेक्नॉलजी (आईटी) विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि तकनीकी समस्या को हल करने को जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास हो रहा है।

**सिक्यॉरिटी सर्टिफिकेट संबंधी अड़चन**

मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सिक्युरिटी सर्टिफिकेट संबंधी दिक्कत से यह समस्या आई है। पहले वेबसाइट चल रही थी, जिसमें लोगों को चेतावनी के साथ आगे बढ़ने को कहा जा रहा था। लेकिन अचानक पूरी वेबसाइट ही ठप पड़ गई है। इससे काफी दिक्कत हो रही है।

**जनता की समस्या**

बीएमसी जन्म, मृत्यु सर्टिफिकेट से लेकर सभी तरह के लाइसेंस ऑनलाइन ही जारी करती है। ऐसे में, वेबसाइट बंद होने से जनता के सारे काम रुक गए हैं। दिन भर में हजारों बार इस वेबसाइट का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, टेंडर सभी प्रक्रिया भी ऑनलाइन ही की जाती है। ऐसे में, वेबसाइट बंद होने का असर सभी पर पड़ रहा है।

### डिलिवरी वॉर्ड में बेड पर कॉकरोच



**मुंबई।** गोवंडी के शताब्दी अस्पताल के प्रसूति वॉर्ड में जच्चा-बच्चा को कॉकरोचों के संग रहना पड़ रहा है। इससे नवजात शिशुओं की जान को खतरे की आशंका है।

मंगलवार की सुबह अस्पताल के प्रसूति वॉर्ड का एक विडियो सामने आया, जिसमें बेड पर एक महिला बैठी है और बेडशीट के चारों तरफ बड़े-बड़े कॉकरोच घूमते नजर आ रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर वॉर्ड में रहने वाली महिलाओं ने बताया कि यहां बेड्स पर अक्सर कॉकरोच घूमते रहते हैं, जिससे उन्हें सोने में दिक्कत होती है। कई बार तो ये कॉकरोच खाने में भी गिर जाते हैं। नवजात शिशुओं को कॉकरोचों से बचाने के लिए मांओं को कई बार पूरी रात जागकर बितानी पड़ती है। बता दें कि इस अस्पताल में एक ही वॉर्ड है, जहां डिलिवरी होने से पहले और बाद में जच्चा-बच्चा को रखा जाता है। जगह कम होने के कारण कई बार यहीं पर डिलिवरी भी कराई जाती है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, पहले हर सप्ताह एक बार पेस्ट कंट्रोल का काम किया जाता था। कॉकरोचों से समस्या बढ़ने के बाद अब सप्ताह में दो बार किया जा रहा है। सोमवार को भी छिड़काव किया गया था। इसके बावजूद कॉकरोच नहीं गए।

अस्पताल की सुपरिटेंडेंट डॉ. अल्का माने ने कहा कि कॉकरोचों के बारे में पेस्ट कंट्रोल विभाग को बताया जा चुका है। शिशुओं के कारण प्रसूति वॉर्ड में ज्यादा छिड़काव नहीं किया जा सकता। इसीलिए, मंगलवार से विशेष प्रकार के जैल का छिड़काव शुरू किया है।

# मालेगांव केस: एनआईए का आवेदन खारिज, बंद कमरे में सुनवाई नहीं करेगी अदालत

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने सितंबर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में बंद कमरे में सुनवाई करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। इस मामले में बीजेपी सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर भी एक आरोपी हैं। अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के उस आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें उसने इस मामले की सुनवाई बंद कमरे में करने का अनुरोध किया था।



विशेष न्यायाधीश वी एस पडालकर ने कहा कि एनआईए का आवेदन अस्वीकार करने के कारणों में से एक यह है कि सुनवाई 'पारदर्शी तरीके से' की जा सके। अदालत ने मीडिया को कुछ पाबंदियों के साथ मामले की सुनवाई की रिपोर्टिंग करने की अनुमति दे दी। मीडियाकर्मियों को अपने संबंधित मीडिया संस्थानों के पहचान पत्रों की प्रतियां जमा करानी होगी। अदालत ने कहा कि (सुनवाई के दौरान मीडियाकर्मियों द्वारा) किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल नहीं किया जाए और बस तथ्यपरक स्थिति के अनुसार ही मामले की रिपोर्टिंग की जाए। अदालत ने यह भी कहा कि जब तक इस मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाए तबतक उस पर कोई संपादकीय नहीं लिखा जाए तथा निजी राय या किसी प्रकार की चर्चा/परिचर्चा नहीं की जाए।

आपको बता दें कि अदालत के बंद कमरे में होने वाली सुनवाई में केवल न्यायाधीश, अधिवक्ता, आरोपी तथा प्रत्यक्षदर्शी ही मौजूद रहते हैं। इस तरह की सुनवाई में मीडिया या जनता को कार्यवाही की जानकारी नहीं दी जाती है। एनआईए ने इससे पहले यह कहते हुए अदालत में अर्जी दायर की थी कि वह प्रेस की आजादी के पक्ष में है लेकिन यह सुनवाई बंद कमरे में की जाए क्योंकि यह 'संवेदनशील मामला' है। अभियोजन पक्ष ने अपनी अर्जी में कहा कि वह सांप्रदायिक सद्भाव को बचाए रखने के लिए बंद कमरे में सुनवाई चाहता है और उसने यह भी दावा किया कि गवाहों को खतरा भी है। लेकिन अदालत ने कहा कि एनआईए ने 'अंदरूनी सुरक्षा खतरे या सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने' के बारे में कोई सूचना उसके समक्ष नहीं रखी।

अदालत ने कहा कि गवाहों को धमकी संबंधी कोई पत्र भी एनआईए को नहीं मिला है। इससे पहले, कुछ पत्रकारों ने अदालत में आवेदन देकर एनआईए की अर्जी को चुनौती दी थी और कहा था कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस मुकदमे की खुली अदालत में सुनवाई हो और एनआईए कानून के तहत गवाहों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त सुरक्षा मानक की व्यवस्था हो।

## मुंबईः आदित्य ठाकरे के गुजराती-उर्दू समेत कई भाषाओं में लगे पोस्टर

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीख करीब आने के साथ ही सियासी घमासान जोर पकड़ रहा है। शिवसेना के लिए इस बार का चुनाव खास है क्योंकि पहली बार ठाकरे परिवार का कोई सदस्य सियासी मैदान में है। पार्टी सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के पुत्र और युवा सेना के अध्यक्ष आदित्य ठाकरे वरली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। मंगलवार सुबह मुंबई में शिवसेना की तरफ से आदित्य के समर्थन में कई पोस्टर लगे नजर आए। खास बात यह है कि पोस्टर कई भाषाओं में लगाए गए हैं, जिनमें उर्दू भी शामिल है। इसे शिवसेना की कट्टर हिंदूवादी पारंपरिक छवि से अलग हटकर देखा जा रहा है।

मुंबई में सोमवार सुबह आदित्य ठाकरे के समर्थन में शिवसेना की ओर से अलग-अलग भाषाओं में पोस्टर और होर्डिंग दिखी। इसमें वरली के लोगों को संबोधित करते हुए कई भाषाओं में अभिवादन किया गया। एक पोस्टर में गुजराती भाषा में वर्ली की जनता से संवाद करते हुए पूछा गया- केम छो वरली (वरली के लोग आप कैसे हैं)। कन्नड़ भाषा में भी आदित्य के समर्थन में पोस्टर लगे दिखे। इसके साथ-साथ उर्दू भाषा में आदित्य ठाकरे की तस्वीर के साथ लोगों से अपील की गई है।

शिवसेना के लिए वरली सीट का चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल है। पार्टी की पूरी कोशिश है कि पहली बार चुनाव लड़ने उतरे ठाकरे परिवार के सदस्य को बंपर जीत दिलाई जाए, लिहाजा




कार्यकर्ताओं की तरफ से कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है। शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे ने अपने जीवन में कभी चुनाव नहीं लड़ा। वहीं, उनके बेटे उद्धव ठाकरे और भतीजे राज ठाकरे ने अब तक चुनाव लड़ने से परहेज किया है। राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर नई पार्टी (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) बनाने के बावजूद लोकसभा या विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा है।

महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को सभी 288 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। वहीं, रिजल्ट 24 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य में शिवसेना और बीजेपी गठबंधन का मुकाबला कांग्रेस-एनसीपी के अलायंस से है। मंगलवार को बीजेपी ने 125 सीटों पर कैंडिडेट घोषित किए हैं। सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, शिवसेना ने भी पहली लिस्ट में अपने 70 उम्मीदवारों का ऐलान किया है।

## ट्रांस हार्बर लिंक: तेजी से बन रही सागर के सीने पर राह

मुंबई। मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने के लिए सागर पर बन रहे 22 किलोमीटर लंबे पुल के निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने पूरे मार्ग पर बनने वाले 2200 पिलरों में से 440 पिलर (पाइल कैप) का काम पूरा कर लिया है। सागर में पिलर बन जाने के साथ ही प्रॉजेक्ट का 14 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। शिवडी-न्हावासेवा ट्रांस हार्बरलिंक प्रॉजेक्ट का निर्माण तीन चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण के तहत 1200 पिलर खड़े किए जाएंगे, इनमें से 300 पिलर तैयार हो चुके हैं। दूसरे चरण के तहत 800 में से 100 पिलर और तीसरे चरण के तहत 190 में से 40 पिलर तैयार हो चुके हैं।

प्रॉजेक्ट का काम समय पर पूरा करने के लिए प्राधिकरण ने जिओ टेक्निकल सर्वे का काम पूरा कर लिया है। प्रॉजेक्ट को पर्यावरण समेत अन्य सरकारी विभागों से हरी झंडी मिल गई है। 22 किलोमीटर लंबे पुल का 16.5 किलोमीटर का हिस्सा सागर में, जबकि 5.5 किलोमीटर का हिस्सा जमीन पर होगा।

पानी की सतह से 25 से 30 मीटर नीचे खुदाई कर पिलर खड़े किए गए हैं। सागरीय जीवों को बगैर नुकसान पहुंचाए पानी में खुदाई के लिए करीब 10 करोड़ रुपये की लागत वाली रिवर सर्कुलर मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। सागर में बन रहे प्रॉजेक्ट का निर्माण कार्य वर्ष 2018 में शुरू हुआ था। प्राधिकरण ने वर्ष 2022 तक काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। समय पर काम पूरा करने के लिए निर्माण कार्य को तीन चरणों में विभाजित किया है। पहले चरण के तहत 10.4 किलोमीटर, दूसरे चरण में 7.8 किलोमीटर और तीसरे चरण में 3.6 किलोमीटर का काम किया जा रहा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्र चुनाव: 'छोटा' कब 'बड़ा' हो गया, पता ही नहीं चला

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीजेपी और शिवसेना में जब तक गठबंधन था, तब तक शिवसेना बड़े भाई की भूमिका में थी लेकिन जैसे ही 2014 में पहली बार दोनों अलग हुए वैसे ही पासा पलट गया। अब बीजेपी बड़े भाई की भूमिका में हैं। बीजेपी के सामने शिवसेना नतमस्तक हो गई है। 1990 में दोनों ने मिलकर पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा तब शिवसेना ने 183 सीट और बीजेपी ने 104 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार विधानसभा चुनाव में बीजेपी 164 जबकि शिवसेना 124 सीट पर लड़ रही है। यानी जो कभी बड़े भाई की भूमिका में था अब वह छोटा भाई बनकर रह गया है।

सभी कॉमिंट्स देखेंअपना कॉमेंट लिखेंसन 1989 से पहले महाराष्ट्र में शिवसेना और बीजेपी की अलग राह थी। दोनों को एक राह पर लाने का श्रेय दिवंगत बीजेपी नेता प्रमोद महाजन और शिवसेना सुप्रीमो बाला साहेब ठाकरे को जाता है। उस वक्त महाराष्ट्र में शिवसेना बड़े भाई की भूमिका में थी और बीजेपी छोटे भाई की। शिवसेना के एक वरिष्ठ नेता बताते हैं, '90 के दशक में बीजेपी बाला साहेब ठाकरे से ज्यादा सीटों की गुहार लगाती थी। 20 साल बाद अब शिवसेना बीजेपी की दया पर निर्भर है।'



### शुरूआत 183-104 से हुई

1989 में शिवसेना-बीजेपी का गठबंधन हुआ। दोनों ने मिलकर 1990 में विधानसभा चुनाव लड़ा। उस वक्त शिवसेना ने बीजेपी को 104 सीटें दी थी और खुद 183 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इसमें बीजेपी को 42 और शिवसेना को 52 सीटें मिलीं। इस गठबंधन ने 1995 में फिर मिलकर चुनाव लड़ा जिसमें शिवसेना ने एक सीट बीजेपी को ज्यादा यानी 105 सीट दी और खुद 183 सीट पर लड़ी। जिसमें से शिवसेना को 73 और बीजेपी को 65 सीटें मिलीं। दोनों ने मिलकर पहली बार महाराष्ट्र में सरकार बनाई, लेकिन अगले ही चुनाव में गठबंधन को पराजय मिली। 1999 में हुए चुनाव में शिवसेना 183 से 161 सीट पर आ गई और बीजेपी ने 117 सीटों पर चुनाव लड़ा। तब शिवसेना के 69 और बीजेपी के 56 विधायक जीतकर आए, लेकिन सत्ता हाथ से चली गई।

2004 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना ने 163 और बीजेपी ने 111 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें शिवसेना को 62 और बीजेपी को 54 सीटें मिलीं, लेकिन सत्ता नहीं हासिल हुई। फिर आए 2009 के चुनाव, जिसमें शिवसेना ने 169 और बीजेपी ने 119 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन इस बार पासा पलट गया। बीजेपी ने शिवसेना से दो सीटें ज्यादा जीतीं। बीजेपी के 46 विधायक जीते और शिवसेना के 44 विधायक विधानसभा में पहुंचे।

# छोटा राजन के भाई को आरपीआई से टिकट, चुनाव चिह्न होगा कमल

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के भाई दीपक निकालजे को केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। निकालजे रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के टिकट पर सतारा जिले की फलटन सीट से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, वह बीजेपी के चुनाव चिह्न कमल के निशान पर ही मैदान में उतरेंगे।

### 6 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान



दीपक के नाम का ऐलान आठवले ने बुधवार को किया। उन्होंने पांच और उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया। आठवले की पार्टी 6 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सोलापुर की मलशीरस, सतारा की फलटन, नादेड़ की भंडारा और नायगांव, परभनी की पाठरी और मुंबई की मानखुर्द-शिवाजी नगर सीटों पर पार्टी दावेदारी ठोकेगी। इससे पहले भी दीपक निकालजे आरपीआई के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं।

### छोटा राजन का गढ़ है फलटन

आठवले की पार्टी से उन्होंने 2004, 2009 और 2014 में चेंबूर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन अब सीट शेयरिंग के तहत यह सीट शिवसेना को चली गई है। फलटन छोटा राजन का गढ़ माना जाता है। 2009 लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग को दिए हलफनामे के मुताबिक निकालजे के पास 4 करोड़ की संपत्ति और 500 स्क्वेयर फीट का बंगले का खुलासा किया था। पिछले साल 2018 में निकालजे के खिलाफ एक 22 साल की युवती से रेप और यौन शोषण का केस दर्ज हुआ था।

# भाजपा की दूसरी सूची में खड़से, महाराष्ट्र के दो मंत्रियों के नाम नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा बुधवार रात जारी 14 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में भी वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से, राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री विनोद तावड़े तथा ऊर्जा मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के नाम नहीं हैं। हालांकि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार द्वारा केज सीट से अपनी पार्टी की उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद भाजपा में शामिल हुईं नमिता मूंदड़ा का नाम भाजपा की दूसरी सूची में है। इसी तरह लोकसभा चुनाव में सांगली से वंचित बहुजन अगाड़ी के टिकट पर चुनाव लड़े और हार चुके गोपीचंद पाडलकर का नाम भी भाजपा की इस सूची में है। वह बारामती से किस्मत आजमाएंगे। हाल ही में भाजपा में आए वरिष्ठ कांग्रेसी विधायक गोपालदास अग्रवाल गोंदिया से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में होंगे इससे पहले भाजपा ने मंगलवार को 125 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी।

# राज ने आदित्य के लिए खुला छोड़ा मैदान

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति की पहचान चाचा-भतीजों के बीच तालमेल और गहरे राजनीतिक संबंधों के लिए है। इसी कड़ी में युवा सेना अध्यक्ष आदित्य ठाकरे और उनके चाचा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे का नाम भी जुड़ गया है। दरअसल, शिवसेना ने विधानसभा चुनाव के लिए वर्ली सीट से आदित्य की चुनावी पारी की शुरूआत की है, जिसके साथ ही एमएनएस ने वहां अपना प्रत्याशी नहीं उतारने का फैसला किया है। गौरतलब है कि एमएनएस अब तक 72 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है लेकिन वर्ली की सीट को छोड़ दिया गया है।

# स्वच्छता अभियान पर ब्रेक: ट्रैक पर पड़ा था हजारों टन कचरा, माहिम में पटरी से उतरी लोकल


**मुंबई।** देशभर में बुधवार को गांधीजी की 150वीं जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान माहिम से खबर आई कि लोकल के चार पहिए बेपटरी हुए हैं। घटना से पहले पश्चिम रेलवे के बड़े स्टेशनों पर रेलकर्मी, अधिकारी और स्वयंसेवी संगठन सफाई अभियान में जुटे हुए थे। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारत को खुले में शौच से मुक्त करने की घोषणा कर दी है, लेकिन इसी दिन प्रधानमंत्री की घोषणा को धता-बताते हुए हार्बर ट्रेन कचरे के कारण पटरी से उतर गई। यहां ट्रैक पर हजारों टन कचरा पड़ा था। ट्रेन के बेपटरी हुए चक्कों में बुरी तरह से कचरा फंसा हुआ था।

पटरियों पर बसे हैं घर

माहिम स्टेशन के पास हार्बर लाइन के हिस्से में पटरियों पर हजारों लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। यहां बनी हुई रेलवे की 5 स्टैबलिंग लाइन में से 2 लाइनों का पूरी तरह से अतिक्रमण किया हुआ है। इन लाइनों का रेलवे इस्तेमाल ही नहीं कर पा रही है। अतिक्रमणकारियों की वजह से मौजूदा हार्बर लाइन पर बहुत बड़ा मोड़ है, जहां अक्सर पहिए डिरेल होने की संभावना रहती है। यहां धड़ल्ले से खुले में शौच होता है, लेकिन इसके लिए कोई जवाबदेह नहीं है। ट्रैक पर फैली गंदगी की वजह से पटरियों का रखरखाव ज्यादा करना पड़ता है। पटरियां भी समय से पहले बदलनी पड़ती हैं।

कौन लेगा जिम्मेदारी?

घटनास्थल पर मौजूद मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि पिछले साल इसी स्पॉट से कई टन कचरा उठाकर जगह को स्वच्छ बनाया गया था, लेकिन 2-3 दिन बाद ही पटरियों पर दोबारा कचरा फैल गया। इस स्थल से कई टन कचरा पूर्व में उठाया जा चुका है, लेकिन अतिक्रमण के कारण बार-बार परेशानी हो रही है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि



अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने पर भारी विरोध सहन करना पड़ता है। कई बार बड़े पॉलिटिकल लीडर्स के फोन आने लगते हैं। ऐसे में कौन तय करेगा कि मुंबई को क्या चाहिए?

घर दो, हम चले जाएंगे

दूसरी ओर से अतिक्रमणकारियों का कहना है कि वे यहां सालों से बसे हुए हैं। यदि रेलवे इन्हें यहां से हटाती है, तो दूसरी जगह रहने का प्रबंध भी करे। एक अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने न्यायालय की शरण ली हुई है, इसलिए स्थिति जस की तस बनी हुई है। अधिकारी ने बताया कि रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों को यदि घर बांटने लगें, तो मुंबई में ट्रेनें चलने की जगह कॉलोनियां बस जाएंगी। राजनेताओं से काम नहीं हो रहा है, इसलिए मुंबईकरों को ही तय करना होगा कि उन्हें पटरियों पर ट्रेन चाहिए या गंदगी।

# महाराष्ट्र: राज्य में 10 चुनावी सभाएं करेंगे पीएम मोदी



## अमित शाह और राजनाथ सिंह भी करेंगे प्रचार

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव प्रचार में भाजपा के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यभर में 10 चुनावी रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। इसके अलावा पार्टी व केंद्रीय मंत्री अमित शाह 20 से ज्यादा रैलियां कर सकते हैं। साथ ही देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी चुनाव प्रचार करने आएंगे। पार्टी की ओर से बताया गया कि अभी सूची बनाई जा रही है इसलिए अभी कुछ बोलना जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना तय है कि देश के प्रधानमंत्री से लेकर कई राज्यों के मुख्यमंत्री व कई सारे केंद्रीय मंत्री चुनाव प्रचार करने के लिए आएंगे। प्रधानमंत्री की एक चुनावी सभा मुंबई भी आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# वीडियो रिकॉर्डिंग को लेकर कैनेडियन मॉडल ने चुनाव आयोग की टीम से मारपीट की, गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस और इलेक्शन कमीशन की टीम पर हमले के आरोप में बुधवार देर रात एक कैनेडियन मॉडल को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को मॉडल को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने उन्हें एक दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। घटना मुंबई के अंधेरी स्थित वीरा देसाई रोड की है। आरोप है कि बुधवार दोपहर 12.30 बजे इलेक्शन कमीशन के फ्लाईंग स्क्वायड की टीम गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। टीम की ओर से चेकिंग की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जा रही है। नाकाबंदी के दौरान मॉडल शीना लखानी (33) की कार को जांच के लिए रोका गया। मॉडल चेकिंग के लिए तो तैयार हो गईं। लेकिन उन्होंने वीडियो रिकॉर्डिंग से मना कर दिया। इस दौरान उनकी इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों के साथ तीखी बहस हुई। आसपास के लोगों ने आकर मामला सुलझाया। इसके



बाद मॉडल वहां से चली गई। इसके बाद शीना करीब 2 बजे अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से वहां आईं। उन्होंने चुनाव आयोग के अधिकारियों से झगड़ा करना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में नौबत मारपीट तक पहुंच गई। बीच बचाव करने पहुंची पुलिस टीम के साथ भी धक्का-मुक्की की। आरोप यह भी है कि मॉडल के दोस्तों ने आयोग का कैमरा छीनने का प्रयास किया। वहीं, इस मामले पर चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि अगर मॉडल को वीडियो रिकॉर्डिंग से आपत्ति थी तो वह पुलिस स्टेशन में शिकायत कर सकती थीं। कैमरा छीनना और धक्का-मुक्की करना सरकारी कम में बाधा पहुंचाना है। घटना के बाद मॉडल को अंधेरी पुलिस स्टेशन ले जाया गया। जहां देर रात उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 353,186,427,506 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

## (पृष्ठ 1 का शेष)

### आदित्य ने वर्ली से नामांकन दाखिल किया

नामांकन से पहले आदित्य ने मातोश्री (ठाकरे परिवार का आवास) से नामांकन स्थल तक रोड शो किया। उन्होंने गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से फोन करके आशीर्वाद भी लिया। आदित्य ने कहा, जनता का प्यार देखर बेहद खुशी हो रही है। जनता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। जनता जो जिम्मेदारी देगी, उसे निभाएंगे। आदित्य वर्ली से टिकट घोषित होने से पहले जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले थे। उद्धव के एक करीबी हर्षल प्रधान ने बताया कि 2009 में राजनीति में उतरने के बाद से आदित्य संगठन में सक्रिय हैं। वे खुद पर्दे के पीछे रह कर नए युवा नेताओं का एक कैडर बना रहे हैं। आदित्य के लिए वर्ली सीट महफूज मानी जा रही है। राकांपा नेता सचिन अहीर को शिवसेना में शामिल करना इसी योजना का हिस्सा था। सचिन वर्ली से विधायक रहे थे। प्रधान के मुताबिक, शिवसेना सांसद संजय राउत ने पिछले हफ्ते राकांपा प्रमुख शरद पवार से मिल कर अनुरोध किया था कि वे वर्ली में आदित्य के खिलाफ कोई उम्मीदवार न उतारें। इस सीट से शिवसेना 5 बार चुनाव जीत चुकी है।

### भाजपा में शामिल हुए नितेश राणे

नितेश 2014 में कणकवली सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए थे। दो दिन पहले मंगलवार को उन्होंने विधायक पद और कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। नितेश के पिता नारायण राणे भाजपा के समर्थन से राज्यसभा सदस्य हैं। बेटे के भाजपा में शामिल होने पर नारायण राणे ने कहा, नितेश भाजपा के टिकट पर कणकवली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। नारायण राणे कभी शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के करीबी थे। फिर वो कांग्रेस में आए, उसके बाद भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेज दिया। नितेश के भाजपा में जाने को लेकर काफी समय से चचाएं थीं। नितेश राणे कुछ समय पहले उस समय चर्चा में आए थे जब महाराष्ट्र के कांकावली में मुंबई-गोवा राजमार्ग पर गड्ढों को देख उन्होंने एक इंजीनियर को बंधवाकर उस पर कीचड़ डाल दिया था। मामले में उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। नारायण राणे ने बाद में अपने बेटे की इस हरकत के लिए माफी मांगी थी।

### दिल्ली-एनसीआर में आतंकी हमले का अलर्ट

खबर के मुताबिक, आतंकी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मार्केट जैसे भीड़ वाले इलाकों को निशाना बना सकते हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल बुधवार रात से छापेमारी कर रही है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इससे पहले अमेरिका के सहायक रक्षा मंत्री रैंडल शाइवर ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने के बाद आतंकी भड़के हुए हैं। अगर पाकिस्तान आतंकी गुटों पर लगाम कसने में नाकाम रहा तो आतंकी भारत में हमला कर सकते हैं। पाक आतंकी गुटों पर कितनी नजर रखेगा, यह चिंता की बात है। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में मुताबिक, 3000 पाकिस्तानी नागरिकों को एलओसी लांघने को तैयार किया गया है। सर्दी शुरू होने से पहले पाकिस्तान उन्हें एलओसी पार कराना चाहता है। आईबी के मुताबिक, एलओसी पर 32 पाकिस्तानी चौकियों पर आतंकी जमे हुए हैं। वे पाक सेना के संरक्षण में हैं, इसलिए बार-बार फायरिंग हो रही है। पंजाब में ड्रोन से हथियार भेजने पर एजेंसियों ने बताया है कि ये हथियार गैंगस्टर्स को भेजे गए हैं। खालिस्तानी मूवमेंट के लोगों को पाक से फंडिंग की जा रही है। अमृतसर एयरपोर्ट को सेना के हवाले कर दिया है। ड्रोन से हथियार भेजने की जांच एनआईए को सौंपी गई है। पंजाब पुलिस ने मंगलवार रात खालिस्तानी आतंकी साजनप्रीत सिंह बिट्टा को पकड़ा था। वह पाकिस्तान में बैठे आतंकी रणजीत सिंह बिट्टा के संपर्क में था। एनआईए ने आतंकियों और अलगाववादियों को मिलने वाली आर्थिक मदद की जांच में पाकिस्तान की सीधी भूमिका का दावा किया है। एनआईए गुरुवार को तीसरी चार्जशीट दायर करने जा रही है। एनआईए के दो अधिकारियों के अनुसार हुर्रियत नेता सैयद अली शाह गिलानी, शब्बीर शाह, यासीन मलिक, असिया अंद्राबी और मसरत आलम को नई दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग से पैसा मिला है।

### बिहार के 10 जिलों में अलर्ट

पूर्वी यूपी और पूर्वी मध्य प्रदेश पर साइक्लोनिक सकुर्लेशन बनने से ट्रफ लाइन बिहार से बंगाल की ओर जा रही है। इन्हीं वजहों से एक बार फिर आफत की आहट है। मौसम विभाग ने पटना समेत राज्य के 10 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। बुधवार को एक भी जिला अलर्ट पर नहीं था। इस सीजन में पटना के लिए पहली बार ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले दो बार यलो अलर्ट जारी किया गया था। बिहार में बाढ़ से अब तक 73 की मौत हो चुकी है और 15 जिलों प्रखंडों में 21 लाख आबादी प्रभावित हुई है। पटना कलेक्टर रवि कुमार ने बताया कि पानी निकालने, मवेशियों के शव दफनाने और लोगों को राहत पहुंचाने में 75 टीमें जुटीं है। बाढ़ जनित बीमारियों से बचाव के लिए दवाओं का छिड़काव किए जा रहा है। पटना के साथ ही वैशाली, बेगूसराय और खगड़िया के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बक्सर, भोजपुर, जहानाबाद, गया, नालंदा और नवादा के लिए यलो अलर्ट है। इस बीच पटना जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों को शुक्रवार तक के लिए बंद करने का आदेश दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक- 3 और 4 अक्टूबर को गरज के साथ कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश होगी, पर हर जगह नहीं होगी।










# टिकट बंटवारे से नाराज हुए संजय निरुपम

## कहा– ऐसा लगता है अब पार्टी को मेरी सेवाओं की जरूरत नहीं



**महाराष्ट्र** में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी के अंदर कलह खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय निरुपम ने गुरुवार को ट्विटर के जरिए पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संजय टिकट वितरण को लेकर पार्टी आलाकमान से नाराज हैं। उन्होंने दो ट्वीट करके कहा कि शायद पार्टी को अब उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं रह गई है। ऐसा लगता है कि पार्टी को अब मेरी सेवाओं की जरूरत नहीं है। मुंबई में मैंने विधानसभा चुनाव के लिए सिर्फ एक नाम की सिफारिश की थी। पता चला है कि उसे भी खारिज कर दिया गया। मैंने नेतृत्व को पहले ही बताया था कि ऐसी स्थिति में मैं चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं लूंगा। यह मेरा आखिरी फैसला है। अगले ट्वीट में उन्होंने लिखा, मुझे उम्मीद है कि पार्टी को गुड बाय कहने का वक्त नहीं आएगा। लेकिन, लीडरशिप जिस तरह से मेरे साथ बर्ताव कर रही है, उससे लगता है कि अब वह दिन दूर नहीं है।

**मुंबई कांग्रेस के कई नेताओं ने पार्टी छोड़ी:** पिछले कुछ दिनों के दौरान मुंबई कांग्रेस के कई नेताओं ने पार्टी छोड़ी है। इनमें एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर और कृपाशंकर सिंह जैसे बड़े नाम शामिल हैं। संजय निरुपम की छवि उत्तर भारतीय नेता की है। बिहार से ताल्लुक रखने वाले संजय निरुपम ने राजनीति की शुरूआत शिवसेना से की थी। उन्होंने पार्टी के मुखपत्र सामना में भी काम किया। वे दो बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। निरूपम एक बार शिवसेना से और एक बार कांग्रेस से उच्च सदन में पहुंचे थे।

## टिकट न मिलने से नाराज समर्थकों ने ओवैसी की सभा में हंगामा किया



**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की सभा में बुधवार शाम को कुछ कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। वे जावेश कुरैशी को औरंगाबाद मध्य से टिकट न दिए जाने से नाराज थे। जिस दौरान यह हंगामा हुआ उस वक्त पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी मंच पर मौजूद थे। इस दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, गोडसे ने तो गांधी को गोली मारी थी, मगर मौजूदा गोडसे गांधी के हिन्दुस्तान को खत्म कर रहे हैं। जो गांधी को मानने वाले हैं, उनसे कह रहा हूं कि इस वतन-ए-अजीज को बचा लो। सभा के दौरान जावेश कुरैशी के समर्थक हाथों में पोस्टर लेकर नारेबाजी करने लगे। कुछ समर्थकों ने जावेद कुरैशी के साथ मंच पर चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान उनकी पार्टी के सांसद इम्तियाज जलील संग तीखी नोकझोंक भी हुई। यह सब तमाशा असदुद्दीन ओवैसी चुपचाप बैठ देखते रहे। बाद में मान-मनौव्वल के बाद नाराज कार्यकताओं को किसी तरह मनाया गया।

### महाराष्ट्र की 24 सीटों पर उतारे प्रत्याशी


एआईएमआईएम ने महाराष्ट्र की 288 में से 24 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) से गठबंधन तोड़ने के बाद बुधवार को एआईएमआईएम ने सात प्रत्याशियों का ऐलान किया, जिसमें बीड से शेख शफीक मोहम्मद और पैथन से प्रह्लाद ढोंढीराम राठौड़ को टिकट दिया गया है।

## आदित्य ठाकरे के समर्थन में वर्ली में उर्दू और गुजराती समेत 6 भाषाओं में लगे पोस्टर्स

**शिवसेना** प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे मुंबई की वर्ली सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। आदित्य, ठाकरे परिवार के पहले सदस्य हैं जो चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। ऐसे में आदित्य के चुनाव प्रचार में कोई कमी न रहे इसलिए शिवसेना ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी। वर्ली में वोटर्स को लुभाने के लिए पार्टी ने 6 भाषाओं में पोस्टर्स लगाए हैं। आदित्य की तस्वीर के साथ लगे यह पोस्टर गुजरती, हिन्दी, अंग्रेजी, मराठी, उर्दू और कन्नड़ भाषा में हैं। इसमें से एक में वर्ली के लोगों को संबोधित करते हुए अभिवादन किया गया। एक पोस्टर में गुजराती भाषा में वर्ली की जनता से संवाद करते हुए पूछा गया- 'केम छो वरली' (वरली के लोग आप कैसे हैं)। सोशल मीडिया में सबसे ज्यादा उर्दू भाषा में लगे आदित्य के पोस्टर की चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स इस पोस्टर को शिवसेना की कट्टर हिंदूवादी छवि से अलग बता रहे हैं। कुछ लोग इसे नए नेता की नई शिवसेना भी कह रहे हैं।

## राकांपा की पहली सूची में 77 प्रत्याशी तय

### अजीत पवार बारामती और छगन भुजबल येवला से लड़ेंगे





**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने बुधवार रात 77 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी ने छगन भुजबल को येवला, प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल को इस्लामपुर, अजीत पवार को बारामती और शरद पवार के पोते रोहित पवार को करजात जमखेड़ से उम्मीदवार बनाया है।

उधर, कांग्रेस और भाजपा ने भी प्रत्याशियों की सूची जारी की है। कांग्रेस ने तीसरी सूची में 20 और भाजपा ने दूसरी सूची में 14 उम्मीदवार तय किए हैं। कांग्रेस अब तक 123 सीटों पर उम्मीदवार तय कर चुकी है, जबकि भाजपा अब तक 139 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। गठबंधन के तहत कांग्रेस और राकांपा 125-125 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे, नतीजों का ऐलान 24 तारीख को होगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने बुधवार रात 20 नामों की तीसरी सूची जारी की। इससे पहले मंगलवार रात 52 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी। पहली सूची में 51 उम्मीदवारों के नाम थे। बुधवार रात भाजपा ने भी 14 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इससे पहले भाजपा मंगलवार को 125 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है।

# पलावा का एम्स हॉस्पिटल के साथ गठबंधन



**भारत** का नंबर 1 स्मार्ट शहर पलावा अपने निवासियों के स्वस्थ और तंदुरूस्त रहन-सहन को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबध्द है और इसलिये पलावा मैं जलदी ही एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल के सौजन्य से स्वास्थ्यसेवा के संपूर्ण समाधान उपलब्ध होंगे। इससे न केवल इस शहर के एक लाख से जादा लोगों को लाभ होगा, बल्कि पलावा के आस-पास रहने वाले लाखों लोग भी लाभान्वित होंगे। पलावा के कासा रियो में 100 से अधिक बेडवाला मल्टी-स्पेशियल्टी हॉस्पिटल आ रहा है, जो पलावा के उसके आस-पास स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं को उन्नत करेगा। यह चौबीसों घंटे सातों दिन चलने वाली कार्डियक एम्बुलेस के जरिये आपातकालीन सेवा प्रदान करेगा, जो 5-10 मिनट के भीतर ह्रदय रोग सम्बंधी देखभाल देने में मदद करेगी। अस्पताल का भूमि पूजन वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर किया गया, जिसके बाद एम्स (अकटर) हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आये हुये लोगो के साथ ह्रदय को स्वस्थ्य रखने के विषय पर चर्चा की। लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जाँच की गई, जैसे रक्तचाप, ईसीजी, बॉडी मास इंडेक्स और डॉक्टर से परामर्श का आयोजन किया गया। एम्स हॉस्पिटल को अपनी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाओं के लिये एनएबीएच और आईएसओ से मान्यता प्राप्त है और यह चिकित्सकीय उत्कृष्टता, शिक्षा और नवोन्मेष का केन्द्र होगा और विश्व-स्तरीय देखभाल तथा अपवादी सेवाएं प्रदान करेगा। स्मार्ट शहर में इस अस्पताल का आना पलावा के निवासियों और आस-पास रहनेवाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यरक्षा सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। लोढा ग्रुप के क्षेत्रीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैशव धारिया ने कहा, शहर के प्राकृतिक माहौल और खुली जगहों के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यरक्षा समाधान प्रदान करने की इच्छा से हम एम्स हॉस्पिटल के साथ भागीदारी कर रोमांचित हैं। पलावा का यह पहला मल्टी-स्पेशियल्टी हॉस्पिटल ना केवल पलावा के नागरिकों को लाभ देगा, बल्कि कल्याण-शिलफाटा रोड़ और केडीएमसी क्षेत्र के आस-पास रहने वालों को भी लाभान्वित करेगा। एम्स हॉस्पिटल के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. मिलिंद शिरोडकर ने पलावा के उभरते स्वास्थ्यसेवा परिदृश्य पर टिप्पणी करते हुए कहा, एम्स (अकटर) अपने अत्यंत योग्य चिकित्सकों, अत्याधुनिक आधारभूत संरचना, आधुनिक युग की प्रौद्योगिकी और क्षमतावान संबद्ध सेवाओं के साथ उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस कदम से सभी को विनम्रता, समानुभूति और सामर्थ्य के साथ देखभाल प्रदान करने का हमारा उद्देश्य और मजबूत होगा।


## एचडीआईएल के निदेशक राकेश, सारंग वाधवान गिरफ्तार, कंपनी की 3500 करोड़ की संपत्तियां अटैच

**पंजाब** एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक घोटाले में रिएलिटी फर्म एचडीआईएल के निदेशकों राकेश वाधवान और सारंग वाधवान को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। एचडीआईएल की 3,500 करोड़ रुपए की संपत्तियां भी अटैच कर दी गई। पुलिस ने पीएमसी मामले में सोमवार को एफआईआर दर्ज की थी। इसमें सारंग और राकेश वाधवान के नाम भी हैं। आरबीआई ने 23 सितंबर को पीएमसी पर 6 महीने का प्रतिबंध लगा दिया था। बैंक पर एनपीए कम बताने और कुछ




कंपनियों के लोन में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। पीएमसी के निलंबित एमडी जॉय थॉमस ने आरबीआई को लिखे पत्र में कहा था कि एचडीआईएल पर पीएमसी का 6,500 करोड़ रुपए का कर्ज है। कंपनी ने लोन नहीं चुकाया। यह बैंक के कुल लोन 8,880 करोड़ का 73% है। राकेश और सारंग वाधवान के खिलाफ इमिग्रेशन ब्यूरो ने सोमवार को लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। ताकि, वे विदेश नहीं जा सकें। कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री ने लुकआउट सर्कुलर जारी करने की अपील की थी। क्योंकि, पीएमसी बैंक घोटाले में कंपनी के खिलाफ जांच चल रही है।

## बाढ़ का कहर कब तक सहेगा देश?



अशोक भाटिया

**देश** के कई हिस्से बाढ़ की चपेट में है। शायद ही ऐसा कोई राज्य बचा हो जहाँ बाढ़ का तांडव न मचा हो। यह सही है कि जब कहीं जरूरत से ज्यादा बारिश होगी तो समस्याएं सिर उठाएंगी ही, लेकिन भारत की समस्या यह है कि हमारे शहरों का ढांचा चरमरा गया है। स्मार्ट सिटी सरीखी योजनाओं के बाद भी स्थिति में कोई बुनियादी बदलाव आता नहीं दिख रहा है तो इसीलिए कि सुनियोजित विकास की घोर अनदेखी की जा रही है। यह तब है जब देश के सभी शहर आबादी के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं जब देश के तमाम हिस्से बाढ़ की चपेट में आए हों, लेकिन कुछ अर्से से कम समय में ज्यादा बारिश अधिक देखने को मिल रही है। यह जलवायु परिवर्तन का नतीजा है। आने वाले समय में जलवायु परिवर्तन के ऐसे दुष्प्रभाव कहीं अधिक देखने को मिल सकते हैं।

अब जब यह माना जा रहा है कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचना कठिन है तो यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि बारिश से उपजने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। चूंकि शहरी ढांचे को दुरुस्त करने का काम आधे-अधूरे मन और अधकचरी योजनाओं से किया जा रहा है इसलिए बारिश के दिनों में शहरों में ढंग से रहना मुश्किल हो रहा है। खराब बात यह है कि शहरों की दुर्दशा से परिचित होने के बाद भी उन्हें रहने लायक बनाने के मामले में जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई जा रही है। ऐसे में आम जनता को यह समझना ही होगा कि केवल नेताओं और नौकरशाहों को कोसने से काम चलने वाला नहीं है। उसे नीति-नियंताओं को जवाबदेह बनाने के साथ यह भी समझना होगा कि शहरी ढांचे में व्यापक तब्दीली लाने की जरूरत है और इस तब्दीली की कुछ कीमत भी चुकानी होगी।




नारी सम्मान संघटन और वुमन रिस्पेक्ट फाउंडेशन की ओर से हाइपोथायरायडिज्म के साथ अच्छी तरह से कैसे रहना इसके लिए आर्यसमाज मंदिर, वर्सोवा के तत्वावधान में हठ योग कार्यक्रम का आयोजन 3 महीने तक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को शाम 5 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

# केटीएम द्वारा मुंबई में ऑरेंज डे का सफल आयोजन



**केटीएम,** रेसिंग क्षेत्र की अग्रणी युरोपियन कंपनी ने मुंबई में ऑरेंज डे का आयोजन किया। ऑरेंज डे का आयोजन ग्राहकों को केटीएम बाइक्स की खासियत का अनुभव प्रदान करने के लिए किया जाता है। ड्यूक और आरसी बाइक्स के शक्तिशाली परफॉरमेंस की बेमिसाल झलक देखनेको मिलती है। सुमित नारंग, प्रेसिडेंट प्रो बाइकिंग - बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा की केटीएम की प्रतिष्ठा एक एक्सक्यूसिव प्रीमियम ब्रांड की है। केटीएम के ग्राहकों को ऐसा अनुभव मेले जो सिर्फ केटीएम से ही प्राप्त हो सकता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मध्यप्रदेश के रायसेन में रीछन नदी में गिरी बस, 7 यात्रियों की मौत

**भोपाल से छतरपुर जा रही यात्री बस रायसेन के पास रीछन नदी के पुल से नदी में गिर गई।**

**रायसेन।** भोपाल से छतरपुर जा रही यात्री बस रायसेन से पहले दरगाह के पास रीछन नदी के पुल से नदी में गिर गई। यह हादसा रात डेढ़ बजे के करीब हुआ। घटना में सात यात्रियों की मौत की पुष्टि हुई है। लेकिन उनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है, जबकि तीन दर्जन से ज्यादा लोगों के घायल होने की जानकारी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक छतरपुर जा रही बस पुल पर पहुंचने से पहले अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। रात होने की वजह से अधिकतर यात्री नींद में थे। बस के गिरते ही चीखपुकार मच गई। जिसे सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए तत्काल मौके पर पहुंच गए। वहीं लोगों ने पुलिस को सूचित किया जिस पर कोतवाली पुलिस बस व एसडीआरएफ की टीम भी राहत के लिए तत्काल मौके पर पहुंच गई।

रात ढाई बजे तक सात यात्रियों के शव नदी में आधी डूबी बस से निकाले जा चुके थे। वहीं 3 दर्जन से ज्यादा घायल यात्रियों को बस से निकालकर इलाज के लिए विभिन्न वाहनों से जिला अस्पताल भेजा जा रहा था। घायलों में कुछ यात्रियों की स्थिति गंभीर है। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि यहां पुलिया के पास एक गड्ढा है, इसमें तेज रफ्तार बस का बैलेंस बिगड़ गया और वह ब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे उफनती हुई नदी में जा गिरी। हादसे में कुछ यात्रियों के पानी में बहने की बात भी सामने आ रही है। सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई थी और तुरंत ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।



हादसे में यात्रियों को बचाने के लिए पानी में उतरी रेस्क्यू टीम को अंधेरे में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बस में फंसे यात्रियों को निकालने में टीम के कुछ सदस्यों को बस की खिड़की के कांच भी लग गए। बस को रस्सी के सहारे खींचकर सीधा किया गया और फिर यात्रियों को रस्सी के जरिए लाइफ जैकेट पहनाकर खींचकर बाहर निकाला गया।

# जल निगम भर्ती घोटाला में एसआईटी ने की आजम खां पूछताछ

**लखनऊ।** रामपुर में भू माफिया घोषित समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खां की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। रामपुर में 85 मामलों में नामजद आजम खां दो महीने तक अंडरग्राउंड रहने के बाद सोमवार को जमीन कब्जा करने के मामले में रामपुर में एसआईटी के समक्ष पेश हो गए थे। अब लखनऊ में उनके खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है।



अखिलेश यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां जल निगम भर्ती घोटाले में आरोपित हैं। शासन ने इस मामले में एसआईटी का गठन किया है जो कि मामले की जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां को नोटिस देकर तलब किया था। आजम खां मंगलवार को लखनऊ में एसआईटी ऑफिस में पहुंचे। जहां पर उनसे करीब दो घंटा से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ जल निगम भर्ती घोटाला में केस दर्ज किया गया है। आजम खां के साथ इस मामले में रिटायर्ड आइएएस अफसर एसपी सिंह तथा तीन अन्य अफसर भी नामजद हैं।

विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) ने शासन की अनुमति पर जल निगम भर्ती घोटाले के मामले में सपा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज की है। एसआइटी ने 29 मार्च को शासन को अपनी जांच रिपोर्ट भेजने के साथ ही मामले में मुकदमा दर्ज कराए जाने की सिफारिश की थी। जलनिगम में भर्ती 122 सहायक अभियंताओं की नियुक्तियां अगस्त 2017 में रद कर दी गई थीं। यह मामला अब कोर्ट में विचाराधीन है, जबकि 1178 पदों पर भर्ती अवर अभियंता व लिपिक वर्तमान में कार्यरत हैं और वेतन पा रहे हैं।

# पटना में डूबते-डूबते बचे पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव,

**जुगाड़ की नाव में फोटो शूट कराते हुआ हादसा**

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रामकृपाल यादव बुधवार की रात दरधा नदी में डूबते-डूबते बचे। घटना तब हुई जब वे 'जुगाड़ की नाव' में चढ़ रहे थे। बताया जाता है कि नाव में फोटो शूट कराने के क्रम में अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और वे 12 फीट की गहराई में जा गिरे। ग्रामीणों ने खींचकर उन्हें बचा लिया। सांसद ने कहा कि वे तैरना भी नहीं जानते तो डूब जाते। संसदीय क्षेत्र का भ्रमण करने गए थे।

उन्होंने बताया कि दर्जनों गांवों के घर-घर में तीन-चार फीट पानी लगा है। जनता पीड़ा में है। जिलाधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं।

पटना के पुनपुन के निकट दरधा नदी में पाटलिपुत्रा के बीजेपी सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव डूबते-डूबते बचे। दुर्घटना बुधवार की रात तब हुई जब वे 'जुगाड़ नाव' पर सवार हो रहे थे।

# जम्मू में मारे गए आतंकी ओसामा बिन का था कानपुर कनेक्शन, उसपर था दो लाख का इनाम

**कानपुर।** जम्मू कश्मीर में चार दिन पहले मुठभेड़ में मारा गया हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर कोई और नहीं, बल्कि पिछले साल शहर के घंटाघर स्थित सिद्धि विनायक मंदिर को उड़ाने की साजिशकर्ता ओसामा बिन जावेद था। उस पर दो लाख रुपये इनाम घोषित था। बीते एक साल से गिरफ्तारी न होने के कारण एनआइए उसके खिलाफ कुर्की की तैयारी कर रही थी। अब उसके बचे हुए दो अन्य साथियों की संपत्ति कुर्क की जाएगी।

पिछले साल सितंबर में चकेरी के जाजमऊ अहिरवां स्थित शिवनगर कॉलोनी पकड़े गए हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी कमरुज्जमां उर्फ कमरुद्दीन उर्फ डॉ. हुरैरा ने एनआइए और एटीएस को पूछताछ में ओसामा बिन जावेद का नाम बताया था। उसने बताया था कि ओसामा उसके साथ ही कमरे पर आकर ठहरा था और दोनों ने मिलकर सिद्धिविनायक मंदिर को उड़ाने की साजिश रची थी। रेकी कर वीडियो भी बनाए थे। एनआइए ने कमरुज्जमां के साथ ही उसके साथियों ओसामा बिन जावेद, जहांगीर और हजारी उर्फ रियाज अहमद के खिलाफ एनआइए कोर्ट में चार्जशीट लगाई थी लेकिन कमरुज्जमां के अलावा किसी अन्य को पकड़ा नहीं जा सका था।

# गलत तरीके से यू टर्न लेने पर तीन कारों में टक्कर, महिला की मौत

**नई दिल्ली।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में विधानसभा के पास तेज रफ्तार फोर्ड फिगो कार ने गलत तरीके से यूटर्न लेने के दौरान होंडा अमेज कार में टक्कर मार दी। इन दोनों गाड़ियों के टकराने के बाद अमेज के पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार भी टकरा गई। हादसे में होंडा अमेज में बैठी राजेश्वरी नाम की महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी दो बेटियां व चालक घायल हो गए। हादसे में तीनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

उत्तरी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सब्जीमंडी मोर्चरी में रखवा दिया गया है। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने इस मामले में फोर्ड फिगो के चालक श्रेय गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# प्याज के जमाखोरों पर शिकंजा, 50 टन से ज्यादा रखने पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** प्याज की बढ़ती कीमतों से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए राज्य सरकार ने जहां प्रदेशभर में सस्ती दरों के बिक्री केंद्र खोले हैं तो वहीं प्याज के जमाखोरों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। इसके लिए सरकार ने 30 नवंबर तक प्याज की भंडारण सीमा लागू करते हुए थोक व्यापारियों के लिए 50 मीट्रिक टन और फुटकर व्यापारियों के लिए 10 मीट्रिक टन की अधिकतम मात्रा तय कर दी है।

खाद्य आयुक्त मनीष चौहान ने बताया कि प्याज की जमाखोरी व मुनाफाखोरी रोकने तथा बढ़ते मूल्य पर अंकुश लगाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को टीमें गठित कर संदिग्ध जगहों पर छापे डालने के निर्देश दिए हैं। उन्हें यह देखने को कहा गया है कि उनके क्षेत्र में कोई थोक या फुटकर व्यापारी निर्धारित सीमा से अधिक प्याज जमा न करने पाए। चौहान ने बताया कि सभी जिलों में जिलाधिकारियों के निर्देशन में खाद्य एवं रसद, मंडी समिति व उद्यान विभाग के अधिकारियों की टीम प्याज के आढ़तियों व थोक व्यापारियों के यहां छापे डाल रही है।

खाद्य आयुक्त ने बताया कि अब तक विभिन्न जिलों में 81 ठिकानों पर छापे मारे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्याज की बढ़ती कीमतों और थोक व फुटकर मूल्य में खासा अंतर होने के कारण लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मंडी परिषद के सौजन्य से विभिन्न जिलों में प्याज के 133 बिक्री केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों से औसतन 36 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज बेचा गया है।



सस्ता प्याज बेचने के लिए कर्मचारी कल्याण निगम बुधवार को प्रदेश में 20 नए केंद्र खोलेगा। यह केंद्र लखनऊ में कल्याण भवन डिपो व पशुपालन डिपो, गोरखपुर में कलेक्ट्रेट, पुलिसलाइन व सिविल कोर्ट, प्रयागराज में कलेक्ट्रेट व शिक्षा निदेशालय तथा आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, बरेली, बांदा, गोंडा, अयोध्या, मुरादाबाद, सहारनपुर, वाराणसी, मीरजापुर, गाजियाबाद व कानपुर नगर में कलेक्ट्रेट सहित अन्य स्थानों पर शुरू होंगे। निगम अधिकारियों ने बताया कि मंडी समिति की प्याज की दरों में परिवहन शुल्क का एक-डेढ़ रुपये प्रति किलो जोड़कर आने वाली दर पर ही प्याज बेचा जाएगा। यह केंद्र सुबह नौ से शाम छह बजे तक खुले रहेंगे। मंगलवार को निगम के केंद्रों से लखनऊ में जवाहर भवन डिपो, सचिवालय डिपो, न्यू हैदराबाद स्थित वित्त एवं लेखा डिपो और गोमतीनगर स्थित पर्यटन निदेशालय से 35 रुपये और बस्ती में 40 रुपये की दर पर प्याज बेचा गया।

# देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर लाने को सरकार चलाएगी 'बैक टू वैली'

**देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर की ओर लाने के लिए बैक-टू-वैली (घाटी की ओर) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत इसी साल नवंबर से होगीकेंद्र सरकार खुद संभालेगी कमान**

श्रीनगर। देश-विदेश से पर्यटकों को कश्मीर की ओर लाने के लिए बैक-टू-वैली (घाटी की ओर) कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत इसी साल नवंबर से होगी। इसका मकसद आतंकियों और अलगाववादियों की धमकियों के चलते बंद से तबाह हो रहे कश्मीर के पर्यटन उद्योग को फिर से पटरी पर लाना है। बड़ी बात यह है कि इसका जिम्मा खुद केंद्र सरकार संभालने जा रही है।

दरअसल, पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित राज्यों में विभाजित करने के फैसले से दो दिन पहले राज्य सरकार ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए देश-विदेश के पर्यटकों को कश्मीर से लौटने के लिए कहा था। इसके साथ ही वादी पर्यटकों से खाली हो गई। बड़ी बात यह कि कश्मीर में हालात सुधरने और प्रशासनिक पाबंदियों को हटाए जाने के बावजूद पर्यटक इधर की ओर रुख नहीं कर रहे हैं।

अलगाववादियों और आतंकियों द्वारा



जबरन बंद से भी पर्यटक आशंकित हैं। हालत यह है कि कश्मीर में पर्यटन उद्योग लगभग तबाही के कगार पर पहुंच गया है। अधिकांश होटल बंद हैं और उनमें काम करने वाले लोग बेरोजगार। रेस्तरां भी बंद हैं, टैक्सी चालक घरों में बैठे हैं, हाउस बोट खाली हैं। दस्तकारी क्षेत्र से जुड़े लोग भी इसके शिकार हैं इसके बाद ही केंद्र सरकार ने स्थानीय पर्यटन जगत की बेहतरी के लिए यह पहला बड़ा प्रयास किया है।

संबंधित अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय इस कार्यक्रम को राज्य पर्यटन विभाग के साथ मिलकर चलाएगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा के तहत कार्यक्रमों में राज्य के सभी छुए-अनछुए क्षेत्रों को देश और विदेश में प्रचारित किया जाएगा। इनमें राज्य की बहुरंगी संस्कृति की झलक दिखाई जाएगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ इंडियन टूर एंड ट्रेवल एसोसिएशन को भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कहा है।कश्मीर में कितने पर्यटक आए, पर्यटन विभाग को पता नहींउपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक दो अगस्त तक कश्मीर घाटी में 5.21 लाख पर्यटकों के अलावा 3.40 लाख अमरनाथ श्रद्धालु आए थे। अकेले जुलाई में ही 1.70 लाख पर्यटक आए।

हालांकि, 15 अगस्त के बाद कश्मीर में पर्यटकों की आमद हुई है, लेकिन आंकड़ा दो हजार भी पार नहीं हुआ। हालांकि, इनमें करीब 300 विदेशी पर्यटक जरूर शामिल हैं। दिलचस्प है कि पर्यटन विभाग के पास कश्मीर में पर्यटकों की आमद का कोई ब्योरा नहीं है।



## विदेशों में भी होंगे रोड शो

राज्य पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के बैक टू वैली कार्यक्रम के तहत न सिर्फ देश के विभिन्न हिस्सों में, बल्कि विदेशों में भी रोड शो व अन्य कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम उन्हीं जगहों पर होंगे, जहां से हमें पर्यटकों की उम्मीद है। देश के नामी समेत राज्य के सभी टूर ऑपरेटरों को अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा। यह कार्यक्रम नवंबर से शुरू होगा। इसके लिए पर्यटन से संबंधित विज्ञापन और बैनर देश के सभी प्रमुख हवाई अड्डों पर भी लगाए जाएंगे।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
संतान की चिंता रहेगी। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। भागदौड़ रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनार्जन होगा।

**वृष**
शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**मिथुन**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे।

**कर्क**
फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**कन्या**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**तुला**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**वृश्चिक**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। मानसिक अशांति बढ़ेगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसंगति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**मकर**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति होगी। घर में तनाव संभव है। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**कुंभ**
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ होगा।

**मीन**
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। अशुभ सूचना मिल सकती है। मानसिक अशांति बढ़ेगी। विवाद से क्लेश संभव है।

## दुर्गा पूजा पर कोलकाता में दिखेगी 50 किलो सोने से बनी मां दुर्गा की प्रतिमा



कोलकाता में इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर करीब 50 किलो सोने से बनी मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन करने का मौका मिलेगा। मां दुर्गा की 13 फीट ऊंची इस प्रतिमा की कीमत करीब 20 करोड़ रुपये है। कोलकाता के प्रसिद्ध संतोष मित्र स्कवायर दुर्गोत्सव समिति ने मां दुर्गा की इस मूर्ति को बनवाया है।

समिति के अध्यक्ष प्रदीप घोष ने आईएएनएस को बताया कि अभी तक किसी ने भी देवी की सोने की प्रतिमा नहीं बनवाई थी। यह हमारी कनक दुर्गा (सोने की दुर्गा) हैं, जो ऊपर से नीचे तक 50 किलोग्राम सोने से बनी हैं।

इस समय 10 ग्राम सोने की कीमत 40 हजार रुपये है, तो कनक दुर्गा की प्रतिमा की कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये होता है। ऐसा नहीं है कि समिति के सदस्यों ने इस प्रतिमा के लिए अपनी जेब से रुपये दिए हैं, बल्कि कई ज्वेलर्स ने इस मूर्ति के निर्माण में सोना दिया है। मूर्ति विसर्जन के बाद वे अपना सोना ले लेंगे।

पूजा समिति के सचिव सजल घोष ने बताया कि इस मूर्ति के निर्माण और त्योहार के लिए कई मल्टी नेशनल कॉर्पोरेट्स ने भी आर्थिक मदद की है।

आपको बता दें कि इससे पहले 2017 में संतोष मित्र स्कवायर दुर्गोत्सव समिति ने मां दुर्गा को सोने की साड़ी अर्पित की थी।

# रोहित–मयंक की जोड़ी ने जमाया तिहरा शतक

**रोहित और मयंक ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 300 रन से उपर की साझेदारी निभाई जो भारतीय टेस्ट क्रिकेट में महज तीसरी बार हुआ।**

नई दिल्ली। विशाखापत्तनम में भारत और साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट खेला जा रहा है। इस मैच में पहले दिन भारतीय ओपनर रोहित शर्मा और मयंक अग्रवाल हावी रहे तो दूसरे दिन के पहले सेशन के खेल में भी भारतीय बल्लेबाजों का बोलबाला रहा। रोहित और मयंक ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 300 रन से उपर की साझेदारी निभाई जो भारतीय टेस्ट क्रिकेट में महज तीसरी बार हुआ।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ रोहित शर्मा और मयंक अग्रवाल की जोड़ी पहली बार टेस्ट में ओपनिंग करने उतरी थी। इन दोनों ने अपनी पहली ओपनिंग पारी में बेहतरीन साझेदारी निभाई और टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। भारतीय सरजमीं पर 47 साल बाद किसी नई ओपनिंग जोड़ी ने पारी की शुरूआत की थी। दोनों ने पहले विकेट के लिए




317 रन जोड़े। इसमें रोहित ने 176 रन बनाए जबकि मयंक के बल्ले से 137 रन निकले।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारतीय ओपनर्स रोहित और मयंक द्वारा बनाया गया तिहरा शतक सिर्फ भारतीय टेस्ट इतिहास में महज तीसरी बार आया। इससे पहले दो बार ही भारत की ओपनिंग जोड़ी ने तीन सौ रन की साझेदारी निभाई थी। साल 1956 में पंकज रॉय और वीनू मांकड़ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 413 रन की साझेदारी निभाई थी। साल 2006 में वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में 410 रन की भागेदारी की थी।

रोहित और मयंक ने भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए टेस्ट मैच में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी निभाई। दूसरे दिन इस जोड़ी ने जैसे ही 274 वां रन पूरा किया तो साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी कर डाली।

## विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप: फाइनल में 8वें पायदान पर रहीं जैवलिन थ्रोअर अनु रानी



दोहा। भारतीय महिला भालाफेंक एथलीट अनु रानी ने दोहा में जारी विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल में आठवां स्थान हासिल किया. अनु ने मंगलवार को हुए फाइनल में दमदार शुरूआत की और पहले प्रयास में 59.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंका और 12 खिलाड़ियों में पांचवें पायदान पर रहीं।

दूसरे प्रयास में उन्होंने अपने प्रदर्शन में सुधार किया और 61.12 मीटर की दूरी तय की, लेकिन दो स्थान खिसक कर सातवें स्थान पर पहुंच गई. तीसरे प्रयास पर वह बेहतर नहीं कर पाईं और 60.20 मीटर के साथ सातवें पायदान पर रहीं। इसके बाद चौथे प्रयास में अनु ने 60.40 मीटर का थ्रो फेंका जो उन्हें आठवें पायदान पर ले गया। अनु ने पांचवें और छठे प्रयास पर क्रमशः 58.49 मीटर और 57.93 मीटर का थ्रो फेंका और उन्हें आठवें पायदान से ही संतोष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की केल्से-ली बार्बर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन की शीयिंग लियू और हुईहुं लियू क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया। सोमवार को अनु ने रिकॉर्ड बनाते हुए महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनने का गौरव हासिल किया था। अनु ने चैम्पियनशिप में अपना खुद का पुराना रिकॉर्ड (62.34) तोड़ते हुए ग्रुप-ए के क्वालिफायर में 62.43 मीटर का थ्रो फेंककर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और क्वालिफायर में पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था।

## कपिल देव ने भी उअउ से दिया इस्तीफा, शांता रंगास्वामी पहले ही छोड़ चुकी हैं पद

नई दिल्ली। शांता रंगास्वामी के बाद कपिल देव ने भी क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एथिक्स ऑफिसर डीके जैन ने क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के तीनों सदस्यों को नोटिस भेजा था, जिसके एक दिन बाद ही शांता रंगास्वामी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और अब कपिल देव ने भी उन्हीं की राह पर चलते हुए इस्तीफा सौंप दिया है। सीएसी के तीसरे सदस्य अंशुमन गायकवाड़ हैं।

कपिल ने पद छोड़ने की वजह का खुलासा नहीं किया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित प्रशासकों की समिति (सीओए) को ई-मेल कर अपने फैसले की जानकारी दी। कपिल देव ने सीओए प्रमुख विनोद राय और बीसीसीआई के सीईओ राहुल जौहरी को ई-मेल में लिखा, 'खास तौर पर पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच का चयन करने के लिए एड-हॉक सीएसी का हिस्सा बनना खुशी की बात थी। मैंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है।'

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के आजीवन सदस्य संजीव गुप्ता ने सितंबर में सीएसी के सदस्यों के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत में गुप्ता ने दावा किया था कि सीएसी के सदस्य कई भूमिकाएं एक साथ निभा रहे हैं। गुप्ता ने कहा था कि कपिल देव इसलिए हितों का टकराव कर रहे हैं, क्योंकि वह कमेंटेटर हैं, फ्लडलाइट कंपनी के मालिक हैं और सीएससी के अलावा भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन के सदस्य भी हैं। वहीं, शांता रंगास्वामी भी भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन और सीएसी समेत कई भूमिकाओं का निर्वहन कर रही हैं। बीसीसीआई के एथिक्स ऑफिसर डीके जैन ने पूछताछ के लिए बुलाया था। संजीव गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि द्रविड़ ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का क्रिकेट निदेशक पद संभालने से पहले इंडिया सीमेंट्स से अवकाश लिया है और अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया।

## डायना एडुल्जी ने द्रविड़ से कहा- पार्ट टाइम NCA कोचों से नहीं होगा महिला क्रिकेट का भला

मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2018 में टी-20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक का सफर किया। नीली किट वाली ये टीम अपने प्रदर्शन को सुधारना चाहती है. इसलिए वो व्यवस्थित और समर्पित सपोर्ट स्टाफ चाहती है। ये मुद्दा बीसीसीआई कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स (सीओए) की बैठक में पेंचीदा रहा. अगला टी-20 विश्व कप अगले साल फरवरी में ऑस्ट्रेलिया में होने वाला है। सूत्रों के मुताबिक महिला टीम के सपोर्ट स्टाफ को लेकर स्टेकहोल्डर्स में अलग-अलग राय सामने आई हैं। महिला क्रिकेट टीम के हेड कोच डब्ल्यूवी रमण की मदद के लिए स्थायी बोलिंग कोच और फील्डिंग कोच की उपयोगिता को लेकर अलग मत उभरे हैं।

वर्तमान में पूर्व लेग स्पिनर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के एक कोच नरेंद्र हिरवानी भारतीय महिला टीम के लिए पार्ट टाइम स्पिन सलाहकार का रोल निभा रहे हैं।

## महिला टी-20: भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 51 रनों से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त

सूरत। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सूरत में मंगलवार को खेले गए चौथे टी-20 मैच दक्षिण अफ्रीका को 51 रनों से हरा दिया। इस जीत के बाद भारत ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच दूसरा और तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जबकि भारत ने पहला मैच 11 रनों से जीता था। दोनों टीमों के बीच पांचवां और अंतिम टी-20 मैच इसी मैदान पर शुक्रवार को खेला जाएगा। बारिश के चलते मैदान गीला होने के कारण चौथे मैच को 17-17 ओवरों का कर दिया गया, जिसमें भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 140 रनों का स्कोर बनाया। मेजबान भारत की ओर से अपने करियर का दूसरा मैच खेल रही 15 साल की शफाली वर्मा ने सर्वाधिक 46, जेमिमाह रोड्रिग्स ने 33, दीप्ति शर्मा ने नाबाद 20, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 16 और स्मृति मंधाना ने 13 रना बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से नेडाइन दी क्लर्क ने दो और अयाबोंगा खाका और तुमी शेखुखुने ने एक-एक विकेट लिये। भारत से मिले 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम ने एक समय तीन विकेट पर 65 रन बना लिये थे, लेकिन इसके बाद मेहमान टीम लड़खड़ा गई और अपने चार विकेट गंवा दिए। नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के चलते दक्षिण अफ्रीकी टीम निर्धारित 17 ओवरों में सात विकेट पर 89 रन ही बना सकी. दक्षिण अफ्रीका के लिए लुरा वोल्वार्ट ने सर्वाधिक 23 और तजमीन ब्रिट्स ने 20 रनों का योगदान दिया।

## विश्व महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप: मेरीकॉम अब रूस में जड़ेंगी दनादन मुक्के

मुंबई। छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मेरीकॉम अपने अनुभव की बदौलत विश्व महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में एक बार फिर पदक की दावेदार होंगी. यह चैम्पियनशिप गुरुवार से उलान उदे (रूस) में शुरू हो रही है। मणिपुर की 36 साल की मेरीकॉम का करियर शानदार रहा है, लेकिन वह 51 किग्रा वर्ग में विश्व खिताब नहीं जीत पाई हैं और रूस के शहर में वह इस खिताब को भी अपनी झोली में डालना चाहेंगी. मेरीकॉम ने 51 किग्रा वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद ओलंपिक कांस्य पदक और एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता है।



पूर्व चैम्पियन एल. सरिता देवी (60 किग्रा) पर भी सभी की नजरें होंगी. उन्होंने ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछली बार की कांस्य पदक विजेता और अपने से कहीं अधिक युवा सिमरनजीत कौर को हराया। एशियाई चैम्पियनशिप की आठ बार की पदक विजेता अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) के पहले एथलीट आयोग की सदस्य बनने की दौड़ में भी शामिल हैं। इसके लिए मतदान इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के दौरान ही होगा. उनके आयोग में जगह बनाने की पूरी उम्मीद है, क्योंकि एशिया से कोई और नामांकन नहीं है।

इंडिया ओपन की स्वर्ण पदक विजेता नीरज (57 किग्रा) और जमुना बोरो (54 किग्रा) पांच मुक्केबाजों में शामिल हैं, जो इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेंगी और उलटफेर करने में सक्षम हैं। इसके अलावा 75 किग्रा वर्ग में पूर्व एशियाई चैम्पियन स्वीटी बूरा पर नजरें रहेंगी। उन्होंने 2014 में इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# रणवीर ने छेड़ा तो दीपिका ने हर बीवी की तरह दिया करारा जवाब

**दीपिका** पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलिवुड के सबसे चहेते कपल्स में से एक हैं। ऑनस्क्रीन हो या ऑफस्क्रीन, फैन्स को इनको साथ देखना हमेशा अच्छा लगता है। सिर्फ कैमरे पर ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी दोनों अकसर मस्ती करते नजर आते हैं। सोशल मीडिया पर दीपिका और रणवीर एक-दूसरे की टांग खींचने से बाज नहीं आते। एक बार फिर दोनों की ऐसी ही मस्ती देखने को मिली है। सोमवार रात दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर अपने स्कूल रिपोर्ट्स की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इनमें से एक पर लिखा था कि दीपिका को निर्देश का पालन करना सीखना चाहिए। इसपर रणवीर सिंह ने कॉमेन्ट किया कि वह टीचर से सहमत हैं। पति के ऐसे कॉमेन्ट के बाद दीपिका का वही रिऐक्शन था जो किसी भी बीवी का होता। रणवीर के इस कॉमेन्ट पर रिप्लाई करते हुए दीपिका ने लिखा, आज रात को तुम्हें खाना नहीं मिलेगा। दीपिका ने इसके अलावा और भी दो अन्य रीमार्क्स भी शेयर किए थे। बता दें कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण फिल्म 83 में साथ नजर आने वाले हैं।





# मेरी पत्नी को लगता है कि वह मेरी प्रायॉरिटी नहीं है: शाहिद

प्रफेशनली देखा जाए तो शाहिद कपूर के लिए साल 2019 काफी अच्छा रहा। इस साल वह कबीर सिंह के साथ सबसे सफल स्टार्स की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं। वहीं पर्सनली भी देखा जाए तो यह साल उनके लिए अच्छा रहा। उन्होंने हाल ही में नया घर खरीदा है, जिसमें वह अपनी वाइफ मीरा कपूर बच्चों को साथ शिफ्ट होना चाहते हैं। वह साल भर के अंदर इसमें शिफ्ट हो जाएंगे। फिल्मफेयर के साथ बातचीत के दौरान शाहिद ने अपनी वाइफ से रिलेशनशिप पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया, किसी को भी इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि सबकुछ सेट है। जैसे ही आपको लगता है कि सबकुछ ठीक चल रहा है वहीं से गड़बड़ शुरू हो जाती है। चाहे वह शादी हो, पैरंटिंग हो, करियर हो या आपके पैरंट्स के साथ आपका रिलेशन। मैं इन सबमें स्ट्रगल कर चुका हूं। मैंने अपनी दोस्ती तक बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। मैं लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप मेनटेन करने में बहुत बुरा हूं। मैं बीवी, बच्चों और काम में टाइम डिवाइड करने में भी स्ट्रगल करता हूं। मेरी पत्नी को लगता है कि वह मेरी प्रायॉरिटी नहीं है। मुझे खुद को भी वक्त न दे पाने का अपराधबोध होता है। कभी-कभी मुझे अपने परिवार से कहना पड़ता है कि मुझे काम भी कर लेने दो। उन्होंने यह भी बताया कि मीरा ने सबकुछ कैसे मैनेज किया क्योंकि जब वह उनकी लाइफ में आईं तो काफी यंग थीं। शाहिद का कहना है, शादी किताब की तरह है, मीरा मेरे जीवन की सबसे बड़ी हकीकत है क्योंकि हम साथ में जिंदगी शेयर कर रहे हैं।



# विद्या की फिल्म 'शकुंतला देवी-ह्यूमन कंप्यूटर' की शुरू हुई शूटिंग

**विद्या बालन** और सान्या मल्होत्रा की अगली 'शकुंतला देवी - ह्यूमन कंप्यूटर' की शूटिंग सोमवार को लंदन में शुरू हो गई। फिल्म 'बधाई हो' की ऐक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी के जरिए यह खबर फैन्स को दी। पोस्ट शेयर करते हुए सान्या ने लिखा, नई जर्नी को शुरू करने के लिए काफी उत्साहित है। अपनी पोस्ट में सान्या ने फिल्म में अपनी को-ऐक्टर विद्या बालन और निर्देशक अनुज मेनन को भी टैग किया है। सान्या फिल्म में विद्या बालन की बेटी के रोल में नजर आएंगी। विद्या बालन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर किया था। 'मिशन मंगल' में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर जमकर तारीफें बटोरने वाली विद्या बालन अपनी अगली फिल्म में 'शकुंतला देवी' का रोल निभाएंगी, जो एक मैथ एक्सपर्ट हैं। कुछ दिन पहले ही विद्या ने अपनी इस फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया था। फिल्म 'शकुंतला देवी-ह्यूमन कंप्यूटर' को सोनी पिक्चर्स और विक्रम मल्होत्रा प्रड्यूस कर रहे हैं। फिल्म अगले साल गर्मियों के दौरान रिलीज किया जाना है। अनुज मेनन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में विद्या शकुंतला देवी के करियर के अंत तक का किरदार निभाने वाली हैं। विद्या अपने इस किरदार को लेकर खासी उत्साहित हैं। एक इंटरव्यू में विद्या ने कहा, अपने इस रोल में सही दिखने के लिए बालों को बॉब कट कटवाया है। कर्ली बॉब बाल और मेरे क्लासिक साउथ इंडियन चेहरा इस रोल के लिए अच्छा मैच है। मुझे इस फिल्म का विषय शकुंतला देवी की मैग्नेटिक पर्सनैलिटी और उनकी जिंदगी की वजह से आकर्षक लगा। मैं उनके 20 की उम्र का होने से उनके करियर के अंत तक का किरदार निभाने वाली हूं।